<u>जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय, महराजगंज।</u>

<u>सूचना</u>

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा–22 बी के अन्तर्गत इस जनपद में नव गठित न्यायालय स्थाई लोक अदालत हेतु माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के आदेशानुसार निम्न कर्मचारियों **(एक आशुलिपिक, एक पेशकार एवं एक चपरासी)** की **जिला न्यायालय** अथवा **कलेक्ट्रेट** के सेवानिवृत्त कर्मचारियों में से अधिकतम 02 वर्ष के लिए एक निर्धारित मानदेय पर अनुबन्धित किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है जिसकी सूचना इस पत्र के साथ सलंग्न है। तद्नुसार केन्द्रीय नाजिर जिला न्यायालय को आदेशित किया जाता है कि उक्त सूचना को सूचनापट पर लगवाये जाने हेतु तथा जन मानस में इसके प्रचार–प्रसार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

<u>रिक्त पदों का विवरण :–</u>

1–आशुलिपिक– एक पद–	जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के **आशुलिपिक** पद से सेवा निवृत्त कर्मियों को अधिकतम **02** वर्ष के लिए एक निर्धारित मानदेय **रूपया–9,000/–** प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।
2–पेशकार– एक पद–	जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के **लिपिक** के पद से सेवानिवृत्त कर्मियों को अधिकतम **02** वर्ष के लिए निर्धारित मानदेय **रूपया–9,000/–** प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।
3–चपरासी– एक पद–	जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के **अर्दली/चपरासी** पद से सेवानिवृत्त कर्मियों को अधिकतम **02** वर्ष के लिए एक निर्धारित मानदेय **रूपया–7,000/–** प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।

उपरोक्त पदों पर नियुक्तियां पूर्णतया अस्थाई रूप से की जायेगी जो किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। उक्त पदों पर नियुक्त कर्मचारियों को उपरोक्तानुसार नियत वेतन **(बिना किसी अन्य विशेष वेतन एवं भत्तों के)** देय होगा।

अतः इच्छुक अभ्यर्थी जिसकी उम्र विज्ञापन की तिथि पर **65 वर्ष** से अधिक न हो और वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से कार्य करने के लिए सक्षम हो, अपना **आवेदन–पत्र पूर्ण विवरण सहित दिनांक–02.06.2023 को सायं 5.00 बजे** तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए0डी0आर0 भवन, दीवानी न्यायालय, महराजगंज में प्राप्त करा सकते है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन–पत्र स्वीकार नही किये जायेगें।

<u>दिनांक–03.05.2023</u>

(कमलेश्वर पाण्डेय)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
म[redacted]गंज।

न्यायालय–स्थाई लोक अदालत, ए0डी0आर0 भवन,

दीवानी न्यायालय, महराजगंज,

आशुलिपिक / पेशकार / चपरासी पद हेतु

आवेदन–पत्र

1–पद का नाम..

2–अभ्यर्थी का नाम..

3–पिता / पति का नाम..

4–स्थाई पता...

....

फोटो

(स्व हस्ताक्षरित)

5–वर्तमान पता..

....

6–जन्मतिथि..

7–शैक्षिक योग्यता..

(स्व हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

8–अन्य योग्यता...

9–मोबाईल / ई–मेल नम्बर...

10–सेवानिवृत्ति का दिनांक...

11–सेवानिवृत्ति का विभाग...

12–सेवानिवृत्ति का पद..

13–अन्य कोई अपराधिक / विभागीय जॉच लम्बित या आदेशित है–

(यदि हॉ तो उसका पूर्ण विवरण)

दिनांक.......................................

आवेदक हस्ताक्षर